## खास खबरें

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान 3 अगस्त को मंत्रालय स्थित पटेल पार्क में होगा

**नप्र, भोपालः** मंत्रालय स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' एवं राष्ट्रगान 'जन-गण- मन' का गायन 3 अगस्त को प्रातः 10:15 बजे किया जाएगा। एक एवं दो अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का आयोजन 3 अगस्त को होगा। वर्षा होने की स्थिति में गायन का आयोजन वल्लभ भवन एक स्थित कक्ष क्रमांक 506 में होगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का आयोजन पटेल पार्क में किया जाता है।

### भोपाल में पड़ोसी परिवारों के बीच खूनी संघर्ष

**नप्र, भोपालः** राजधानी भोपाल में पड़ोसी परिवारों के बीच पुराना विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच तलवार, लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से हमला हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि तीन महिलाओं सहित कई लोग चोटिल हुए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है। दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मारपीट हिंसक झड़प में बदल गई। हमले के दौरान तलवार और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि तीन महिलाओं का इलाज जारी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा, अवैध हथियार, करंट से मौत,आत्महत्या और गुमशुदगी के मामले दर्ज

**नप्र, भोपालः** राजधानी में शुक्रवार को पुलिस मादक पदार्थ, अवैध हथियार, मौत और गुमशुदगी से जुड़े मामलों में कार्रवाई करती रही। शाहपुरा थाना पुलिस ने दानापानी रोड स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर एक 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 534 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब नौ हजार रुपए बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। हनुमानगंज थाना पुलिस ने घोड़ा नक्कास रोड क्षेत्र में एक युवक को अवैध चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हबीबगंज थाना क्षेत्र में काम के दौरान करंट लगने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। वहीं शाहपुरा थाना क्षेत्र के गुलमोहर इलाके में 46 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किए हैं और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

### मिसरोद थाने में भी युवती से छेड़छाड़ की एफआईआर नहीं

**भोपाल।** राजधानी के मिसरोद थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और पीछा करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लिखित शिकायत दिए जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। पीड़िता का कहना है कि आरोपित अब भी खुलेआम घूम रहा है, जिससे वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। होशंगाबाद रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में रहने वाली 29 वर्षीय युवती ने मिसरोद थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि 12 जुलाई की सुबह करीब 8:40 बजे वह अपने पालतू कुत्ते को टहलाने निकली थीं। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक उनका पीछा करने लगा और उनके सामने अश्लील व अभद्र इशारे किए। घटना से घबराकर वह तुरंत घर लौट आईं। अचानक हुई घटना के कारण वह स्कूटी का नंबर और युवक की पहचान नहीं कर सकीं।




राजधानी में शुक्रवार को मनोकामनेश्वर धाम से शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा 74 बंगला निशांत कालोनी लिंक रोड एक से आरंभ होकर गुजराती समाज भवन पहुँची। जहां पर पूजा-अर्चना कार्यक्रम हुआ।

# बड़े तालाब पर अतिक्रमण हटाने के लिए एनजीटी का अल्टीमेटम

## तीन सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो एसडीएम-तहसीलदार होंगे जवाबदेह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के बड़े तालाब, कालियासोत और केरवा डैम के वेटलैंड एवं फुल टैंक लेवल (एफटीएल) क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने प्रशासन के प्रति कड़ा रुख अपनाया है।

एनजीटी की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रतिबंधित क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम और तहसीलदार की होगी। यदि तीन सप्ताह के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से न्यायाधिकरण के समक्ष जवाब देना होगा। राशिद नूर खान, आर्या श्रीवास्तव और डॉ.





सुभाष सी. पांडेय की याचिकाओं पर संयुक्त सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बड़े तालाब के एफटीएल क्षेत्र में चिह्नित अतिक्रमण और अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा प्रस्तुत किया। रिपोर्ट से असंतुष्ट एनजीटी ने निर्देश दिए कि संबंधित एसडीएम और तहसीलदार वेटलैंड, एफटीएल, प्रतिबंधित क्षेत्र और मास्टर प्लान का उल्लंघन कर बनाए गए सभी अवैध निर्माणों की सूची तैयार करें।

### 117 अतिक्रमण चिन्हित 72 अब भी बरकरार

सरकार की ओर से पेश रिपोर्ट के अनुसार बड़े तालाब के 50 मीटर एफटीएल क्षेत्र से जुड़े प्रेमपुरा, धर्मपुरी, सेवनिया गोंड, गौरा गांव, बिसनखेड़ी, बीलखेड़ा और कोटरा सुल्तानाबाद में सर्वे के दौरान कुल 117 अतिक्रमण चिन्हित किए गए। इनमें 68 सरकारी भूमि और 49 निजी भूमि पर हैं। अब तक 45 अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं, जबकि 72 अतिक्रमण अभी भी बने हुए हैं, जिनमें 45 सरकारी और 27 निजी भूमि पर हैं।

## राजधानी में शुरू हुई ई-बस सेवा, रोजाना दो हजार से अधिक यात्री उठा रहे लाभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत राजधानी भोपाल में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो गया है। पहले चरण में 10 ई-बसें दो मार्गों पर चलाई जा रही हैं, जिनसे प्रतिदिन 2 हजार से अधिक यात्री सुरक्षित और सुविधाजनक लोक परिवहन सेवा का लाभ ले रहे हैं।

भोपाल के लिए जीसीसी मॉडल पर कुल 100 ई-बसें स्वीकृत की गई हैं। 21 से 29 जुलाई तक ट्रायल रन के बाद 30 जुलाई से मार्ग क्रमांक बी-35 (बैरागढ़ डिपो से बोर्ड ऑफिस) और बी-36 (बैरागढ़ चीचली से रेल कोच फैक्ट्री) पर बसों का नियमित संचालन शुरू किया गया।

इन ई-बसों में यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल टिकटिंग, क्यूआर कोड सुविधा,



मोबाइल एप से टिकट और पास बनाने की व्यवस्था उपलब्ध है। सुरक्षा के लिए प्रत्येक बस में सीसीटीवी कैमरे, एआई कैमरा युक्त पैसेंजर काउंटर सिस्टम, इमरजेंसी बटन और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

बसों में एसी सुविधा के साथ दिव्यांग यात्रियों के लिए हाइड्रोलिक व्हील चेयर लिफ्टिंग सिस्टम भी उपलब्ध कराया गया है।

## 12 नंबर स्टॉप आवास परियोजना में 80 हितग्राहियों को मिले

**भोपाल।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम भोपाल ने 12 नंबर स्टॉप स्थित आवासीय परियोजना में शुक्रवार को 'प्रथम आओ-प्रथम पाओ' प्रक्रिया के तहत नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 80 हितग्राहियों को आवास चुनने का अवसर दिया। जिन हितग्राहियों ने अपने अंश की पूरी राशि जमा कर दी थी, उन्होंने अपनी पसंद के फ्लैट का चयन किया और मौके पर पहुंचकर आवासों का निरीक्षण भी किया। नगर निगम द्वारा संचालित इस प्रक्रिया में हितग्राहियों को उपलब्ध आवासों में से अपनी सुविधा और पसंद के अनुसार चयन करने की सुविधा दी गई। आवास चयन के बाद सभी हितग्राहियों ने निर्माण की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया।

## रोटरेक्ट क्लब ने किया पौधारोपण बच्चों को बांटे छाते



भोपाल। रोटरेक्ट क्लब टीआईटी भोपाल (साइंस एंड टेक्नोलॉजी) एवं रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल ने सेवा विद्या मंदिर, कैलाश नगर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को निशुल्क छाते वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए गए। क्लब के अध्यक्ष प्रखर तिवारी ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 400 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल के सचिव रोहित पांडे, पूर्व अध्यक्ष जी.के. छिब्बर, श्रीमती श्वेता पांडे, रोटरेक्ट क्लब टीआईटी के अध्यक्ष सुप्रीत सिन्हा, सचिव ओम पांडे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य रिंकू ठाकुर ने दोनों क्लबों का आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश में साइबर ठगी की स्थिति विस्फोट एक साल में 600 करोड़ से ज्यादा की ठगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में साइबर अपराध लगातार भयावह रूप लेता जा रहा है। ऑनलाइन ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के बीच चालू वर्ष में ही साइबर ठगी का आंकड़ा 600 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। चिंताजनक पहलू यह है कि इतने बड़े अपराध नेटवर्क की जांच के लिए पूरे प्रदेश में आईटी एक्ट के तहत विवेचना के अधिकार वाले केवल 19 निरीक्षक हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सीमित संसाधनों के कारण साइबर अपराधियों तक पहुंचना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले चार वर्षों में प्रदेश में साइबर ठगी की राशि में 1100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में साइबर अपराधियों ने करीब 634 करोड़ रुपये की ठगी की थी, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंकों में 137 करोड़ रुपये की राशि होल्ड कराई थी। इसके बावजूद अधिकांश मामलों में पीड़ितों की रकम वापस दिलाना कठिन साबित हो रहा है। प्रदेश में हर वर्ष साइबर ठगी के 2,500 से अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं, लेकिन जांच एजेंसियों के पास पर्याप्त विशेषज्ञ अधिकारी और तकनीकी संसाधन नहीं हैं। साइबर पुलिस के लिए वर्ष 2013 में 293 पद स्वीकृत किए गए थे। सीधी भर्ती के माध्यम से केवल 54 पुलिसकर्मियों की नियुक्ति हो सकी।

# निरोगी काया का मंत्र लेने देशभर से संतनगर आए साधक

## आरोग्य केन्द्र में 10 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** आरोग्य केंद्र में 10 दिवसीय 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, गुजरात, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से कुल 86 साधकों ने हिस्सा लिया।

शिविर के दौरान डॉ. रमेश टेकवानी ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और इसका अंतिम लक्ष्य प्रभु प्राप्ति है। यह लक्ष्य तभी पूरा होता है जब हम तन और मन से स्वस्थ होते हैं। तन की शुद्धि के लिए प्राकृतिक चिकित्सा और मन की शांति के लिए ध्यान व योग



जरूरी है। उन्होंने निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई और नींद को जीवन के तीन सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि अज्ञानता ही बीमारियों का मुख्य कारण है, इसलिए प्राकृतिक चिकित्सा का ज्ञान प्राप्त कर हमें स्वयं अपना डॉक्टर बनना चाहिए। इस आरोग्य केंद्र में डिप्रेशन, डायबिटीज, हाइपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइटिस, हाइपरटेंशन, मोटापा, गैस्ट्राइटिस, इंसोमनिया, माइग्रेन, अस्थमा, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर जैसी गंभीर बीमारियों का प्राकृतिक पद्धति से उपचार किया जाता है। शिविर के दौरान साधकों को प्रातः जागरण, नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएं, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएं और आनंद मेला जैसी विभिन्न गतिविधियां कराई गई। शिविर के समापन सत्र में कई साधकों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों ने बताया कि उन्हें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, घुटनों के दर्द, अर्थराइटिस, साइटिका और सर्वाइकल जैसी समस्याओं में चमत्कारिक राहत मिली है।

## राजधानी में तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाले हिस्ट्रीशीटर का निकाला जुलूस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश अदनान उर्फ 'बच्चा' का उसके ही इलाके में पैदल जुलूस निकाला। तलैया थाना पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था।

जानकारी के अनुसार, देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें हिस्ट्रीशीटर अदनान बच्चा हाथ में तलवार लहराते हुए इलाके में दहशत फैलाता नजर आ रहा था। वीडियो सामने आने के बाद तलैया थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का उसी क्षेत्र में पैदल जुलूस निकाला, जहां उसने तलवार लहराकर लोगों में भय का माहौल बनाने की कोशिश की थी। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा और लोगों ने भी कार्रवाई को देखा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराकर दहशत फैलाना गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। आरोपी के खिलाफ



संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। तलैया थाना पुलिस का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।


**कार्यालय आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, नवीन कम्पोजिट राजस्व भवन चतुर्थ तल. चन्द्रवदनी नाका, लश्कर, जिला ग्वालियर**

E-mail:ec.ecogwl@mp.gov.in

क्रमांक/ तीन/स्टोर/2026-27/1/1196887/2026) ग्वालियर, दिनांक 28.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा ओपाल स्थित कंट्रोल कमांड सेन्टर के सुचारु संचालन एवं उपकरणों की सुरक्षा हेतु 40 KVA का एक डीजल जनरेटर सेट (DG Set) आबकारी आयुक्त के कैम्प कार्यालय, ई-5 विट्टन मार्केट, भोपाल में क्रय कर स्थापित कराये जाने हेतु एमपी टेंडर पोर्टल पर निविदा क्रमांक 2026 EXCIS 524006_1आमंत्रित की गई है। निविदा में प्रस्तुतीकरण से संबंधित शर्तें एवं विवरण एमपी टेंडर पोर्टल की साईड पर निविदा आमंत्रण सूचना प्रदर्शित की गई है।

**अपर संचालक (वित्त)**
**कृते आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश**

जी-16509/26

**कार्यालय नगर निगम, भोपाल यांत्रिक विभाग, जोन क्र. 05 यांत्रिक विभाग**

**निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र**

क्र.640/यां.वि./16/2026 भोपाल दिनांक 30/07/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_525772_1 | Construction of C.C. Road From Khalid Bhai House to Chandra Dawa Khana and Ashfaq Bhai to Noro Bhai at Gali No.03 Congress Nagar in Ward No.14, Zone No.05 | 6,74,460 | 6,745 | 2,000 | MPUADD ROADS AND BRIDGES ISSR 2025 | 01 माह |
| 2. | 2026_UAD_525791_1 | Providing and Fixing of M.S. Chambers at Congress Nagar, Indir Nagar, Teela Jamalpura Road and Varoius Places in Ward No.14, Zone No.05 | 2,53,384 | 2,534 | 2,000 | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 01 माह |

**नियम व शर्तें :-**
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एंव धरोहर राशि एंव अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एंव अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा ।

नि. क्र. 536/026/027

**सहायक यंत्री (सिविल) जोन क्रं. 5 नगर निगम भोपाल**

**कार्यालय संचालक, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान**

कलियासोत डेम के पास कोलार रोड, भोपाल, पोस्ट बॉ. 588
रविशंकर नगर पोस्ट ऑफिस, भोपाल 462016, दूरभाष (0755) 2492433
ई-मेल : iehebhopal@mp.gov.in, वेबसाइट : www.iehe.ac.in

**संस्थान में मानसेवी सहायक लेखापाल, मानसेवी वाहन चालक तथा महिला मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता हेतु विज्ञापन**

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल के कार्यालय हेतु मानसेवी सहायक लेखापाल, मानसेवी वाहन चालक तथा महिला मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता (सत्र 2026-27 हेतु) की सेवायें ली जाना है। मानसेवी सहायक लेखापाल, मानसेवी वाहन चालक तथा महिला मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की सेवायें पूर्णतः अस्थायी एवं आवश्यकता आधारित रहेंगी। मानसेवी सहायक लेखापाल, मानसेवी वाहन चालक तथा महिला मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की सेवाओं हेतु आवश्यक योग्यताएं एवं चयन के आधार की जानकारी हेतु अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट **www.iehe.ac.in** का अवलोकन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन, आवेदन पत्र के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित निर्धारित प्रारूप में **अंतिम तिथि दिनांक 25.08.2026 सायं 5:00 बजे तक** संस्थान कार्यालय में जमा करें।

विज्ञापन में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा नवीन अद्यतन जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/127289/2026 **संचालक**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 0005/अ-70/2026-27
दिनांक 15/07/2026
ग्राम पुरामन भावन प.ह.न.26

**इश्तेहार**

सर्वसाधरण विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री हरिनारायण आ. रामदयाल निवासी-ग्राम पुरामन भावन तहसील हुजूर भोपाल म.प्र. ने इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम पुरामन भावन प.ह.नं-26 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 38/1, 37/3, 38/4, 54/2, 55/2, 169/1, 56 रकबा कमशः 0.220, 0.0700, 0.010, 0.090, 0. 010, 0.330, 0.400 हे. भूमि आवेदक के स्वत्व स्वामित्व पर दर्ज है। जिसका सीमांकन दिनांक 24/05/2025 को राजस्व निरीक्षक द्वारा किया गया। जिसमें भूमि खसरा क्रमांक 54/2, 56 में से अंश भाग रकबा 0.0481 हे. भूमि पर अनावेदक सुदीश कुमार, रामकृष्ण पुत्रगण हरिनारायण का अवैध कब्जा पाया गया सीमांकन रिपोर्ट संलग्न है। आवेदक द्वारा संबंधित भूमि पर कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है। उक्त संबध मे किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 03/08/2026 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 15/07/2026 को जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार,**
**तहसील हुजूर भोपाल**

1144

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)**

फोन:-0755-2761257 E-mail:-cenvda23@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि.-23/2026-27/1701 भोपाल, दिनांक: 28.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-**

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नर्मदा भवन के अंतर्गत बगीचे का रख-रखाव का कार्य। | Rs. 24.46 लाख (रू. चौबीस लाख छियालिस हजार मात्र) | Rs.48,920.00 (रू. अड़तालिस हजार नौ सौ बीस मात्र) | Rs. 5,000.00 (रू. पाँच हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि — दिनांक 12.08.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि — दिनांक 14.08.2026, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते है।
निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

जी-16531/26

**कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल**

**कार्यालय सेनानी 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**

दूरभाष/फैक्स नं0-0755-2443748
Email:-cowzbn_saf@mppolice.gov.in

क्र.-25वीं वाहिनी/विसबल/सा.अ./2832/2026, दिनॉक 27/07/2026

**खुली निविदा सूचना**

इकाई की एसटीएफ कम्पनी के जवानो हेतु कैमोफ्लाईज वर्दी एवं अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु खुली निविदा म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं। खुली निविदा विज्ञप्ति का ऑनलाईन प्रकाशन कार्यालय द्वारा जारी दिनांक से दिनॉक तक मान्य होगी, खुली निविदा विज्ञप्ति का प्रारूप निम्नानुसार हैं।

| स.क्रं. | सामग्री का नाम | सामग्री की तादात | धरोहर राशि | निविदा दर | प्रदाय कार्यालय (एफ. ओ.आर.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कैमोफ्लाईज वर्दी कपड़ा 160 वर्दी हेतु | 576 मीटर | 18000.00 | 2000.00 | सेनानी, 25वी वाहिनी विसबल भोपाल |
| 02 | कैमोफ्लाईज वर्दी सिलाई 1 | 60 वर्दी | | | |
| 03 | जंगल बूट/हंटर बूट | 90 जोड़ | | | |
| 04 | पी.टी. शु ब्राउन | 50 जोड | | | |
| 05 | पी.टी. शू सफेद | 10 जोड़ | | | |
| 06 | एस. टी. एफ. बैज | 100 जोड़ | | | |
| 07 | ब्लेक पेंथर मोनो | 160 नग | | | |
| 08 | मंकी कैप | 80 नग | | | |

01. खुली निविदा प्रपत्र दस्तावेजों को म0प्र0 टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपलोड करना होगा। 02. खुली निविदा प्रपत्र दस्तावेजों की सत्यापित प्रति-01 एवं सरल क्र0-01 से सरल क्र0-08 तक अंकित सामग्री के नमूने (मीटर/नग/जोड़ के मान से) व्यक्तिगत रूप से अद्योहस्ताक्षर कार्यालय में निर्धारित समय-सीमा में जमा किया जावें। निर्धारित समयावधि उपरान्त निविदा प्रपत्र दस्तावेज एवं सामग्री के नमूने स्वीकार नही की जाऐगें। 03. खुली निविदा म0प्र0 टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन खोली जायेगी। 04. मध्यप्रदेश पुलिस की ऑनलाईन वेबसाइट https://www.mppolice.gov.in/en/tenders पर खुली निविदा की प्रपत्र, विस्तृत जानकारी डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगी।

05. **समय सारणी** :-
01 निविदा प्रकाशन दिनॉक — दिनॉंक 29/07/26 समय 10:00 बजे।
02 निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का दिनॉक — दिनॉंक 29/07/28 समय 10:00 बजे।
03 निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक — दिनॉंक 29/07/26 समय 10:00 बजे।
04 निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक — दिनॉंक 12/08/26 समय 15.30 बजे।
05 निविदा खोलने का दिनांक — दिनॉंक 13/08/26 समय 16:00 बजे ।

06. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि बेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे अतः वेबसाईट पर अद्यतन रहें।
07. निविदा में दर्शायें दिनांक/समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी।

**(नगेन्द्र सिंह) सेनानी,**
**25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**

जी-16501/26